# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र वन प्रभाग सोनभद्र।

पत्रांक– 154 /सोनभद्र/33,दिनांक, रावर्ट्सगंज, जुलाई 27 ,2022

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई खण्ड,
लोक निर्माण विभाग, सोनभद्र।

विषय– जनपद–सोनभद्र में पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (एल0डब्ल्यू0ई0) के अन्तर्गत भदई अरार से मकरीबारी मार्ग किमी0 0.000 से 46.045 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कुल 18.5193हे0 वनभूमि के गैर वानिकी उपयोग के बदले उपलब्ध करायी जा रही गैर वनभूमि के उपयोग हेतु प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ– आपके कार्यालय का पत्रांक– 714/यू0पी0–67148–पी0एम0जी0एस0वाई0/2022 दिनांक 21.07.2022।

आपके उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा जनपद–सोनभद्र में पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (एल0डब्ल्यू0ई0) के अन्तर्गत भदई अरार से मकरीबारी मार्ग किमी0 0.000 से 46.045 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कुल 18.5193हे0 वनभूमि में से किमी0 संख्या– 0.000 से 40.150 तक 18.09हे0 इस वन प्रभाग से सम्बन्धित है, के गैर वानिकी उपयोग हेतु भारत सरकार की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर प्रस्ताव की 5 प्रतियां इस कार्यालय को उपलबध करायी गयी है। जिसका परीक्षण करने पर निम्नलिखित कमियां पायी गयी है :–

1. पेन ड्राइव में स्कैन किये गये प्रस्ताव में संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की अलग–अलग पी0डी0एफ0 नहीं है।
2. आनलाइन भाग–1 में गाटा संख्या–702च के स्थान पर 710च अपलोड किया गया है।
3. कई प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर नहीं है।

अतः विषयक प्रस्ताव मूल में इस आशय से वापस किया जाता है कि उपरोक्तानुसार कमियों का शीघ्र निराकरण करते हुए प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे प्रकरण में त्वरित अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

Sk
(संजीव कुमार सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
सोनभद्र वन प्रभाग सोनभद्र।

संख्या– 154 अ/समदिनांकित।

प्रतिलिपि– जिलाधिकारी सोनभद्र को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र को सूचनार्थ प्रेषित।

Sk
(संजीव कुमार सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
सोनभद्र वन प्रभाग सोनभद्र।